तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 1 अक्टूबर 2025



11 राजिम में दुर्गावाहिनी का शस्त्र पूजन और पथ...





12 मां काली मंदिर में अष्टमी पर हुआ हवन-पूजन







B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


## महिला सम्मेलन का सीएम साय को दिया आमंत्रण, देवभोग की समस्याओं से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सर्व यादव समाज महिला प्रकोष्ठ की पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष धनमती यादव के नेतृत्व में आज यादव समाज की महिला प्रमुखों ने मुख्यमंत्री निवास पहुँचकर आगामी 6 अक्टूबर को रायपुर में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय महिला सम्मेलन का आमंत्रण पत्र भेंट किया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री जी से भेंट भी हुई।

■ महिला प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात, किडनी रोग और पानी की समस्या पर जताई चिंता

### सीएम ने दिया शीघ्र समाधान का आश्वासन



### सीएम ने दिया शीघ्र समाधान का आश्वासन

मुख्यमंत्री ने इन मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि मुख्यमंत्री दर्शन योजना के अंतर्गत प्रत्येक जिले से महिला सूची तैयार कराकर उन्हें उपलब्ध कराई जाए, ताकि सभी को यात्रा कराने की व्यवस्था की जा सके। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में प्रतिवर्ष ढाई हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की विषम समस्या आने पर तुरंत उन्हें अवगत कराया जाए।

मुलाकात के दौरान श्रीमती धनमती यादव ने देवभोग क्षेत्र की गंभीर किडनी रोग समस्या को रखते हुए बताया कि वहाँ के सुपरबीम इलाके में बड़ी संख्या में मरीज हैं जिन्हें समय पर दवाइयाँ उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनके पिताजी को भी 15 दिन तक दवा नहीं मिल सकी। साथ ही उन्होंने पानी की समस्या पर भी विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में श्रीमती गीता यादव बिलासपुर, शांति यादव, गीता यादव कोरबा, तपेश्वर यादव, गौतम यादव जशपुर सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### नवरात्रि विशेष



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

**बैठक : रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में दिशा की बैठक**

# अधिकारी लक्ष्य निर्धारित कर लोकहित में कार्य करेंः सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जिले में क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए आज महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। सांसद श्रीमती चौधरी ने केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का क्रियान्वयन समय-सीमा और लक्ष्य एवं लोकहित के अनुरूप के अनुरूप कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक में राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव, कलेक्टर बी.एस. उइके, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, वनमण्डलाधिकारी शशिगानंदन के., उप निदेशक उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व वरूण जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चन्द्राकर, अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे, नवीन भगत और विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी सहित दिशा समिति के सदस्यगण ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ केंद्र की जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की विभागवार की समीक्षा



### अंतिम व्यक्ति को भी अधिकतम लाभ प्राप्त हो : रोहित

बैठक में मौजूद राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि हम सभी का मुख्य उद्देश्य यह होना चाहिए कि अधिक से अधिक नागरिकों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाए ताकि अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति को अधिकतम लाभ प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि विकास कार्य केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहें, बल्कि दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों तक भी इसकी पहुंच सुनिश्चित होनी चाहिए। शासन के योजनाओं को हम सबको मिलकर धरातल पर समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत होना चाहिए, जिससे कि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को मिले।

### इन विभागों के कार्यों की हुई समीक्षा

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मनरेगा, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, खनिज, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम कार्यक्रम, पशुपालन, समेकित बाल विकास योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, राष्ट्रीय भू-रिकार्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम विकास योजना, एकीकृत विद्युत विकास, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, खेल, मत्स्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं खाद्य सुरक्षा क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने अपने-अपने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभान्वित स्थिति के बारे में जानकारी दी।

## जीएसटी ने कर ढांचे को सरल पारदर्शी और जनहितैषी बनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भारतीय जनता पार्टी मंडल कांदाडोंगर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान व नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यशाला के वक्ता जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार और आत्मनिर्भर भारत अभियान पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स जीएसटी सुधार भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर है। जीएसटी ने देश के कर ढाँचे को सरल,पारदर्शी और जनहितैषी बनाया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधार से व्यापारियों और उद्यमियों को जहाँ कर प्रणाली की जटिलताओं से मुक्ति मिली है,वहीं उपभोक्ताओं को भी वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में स्थिरता का लाभ प्राप्त हुआ है। इससे न केवल सरकार का राजस्व बढ़ा है,बल्कि कर चोरी पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा,भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से प्रगति कर रही है। इसमें कर–व्यवस्था की पारदर्शिता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है,आने वाले जीएसटी सुधार न केवल व्यापारियों और उद्यमियों के लिए लाभकारी होंगे, बल्कि कर प्रणाली को अधिक सरल और जनता के अनुकूल बनाए है । आत्मनिर्भर भारत का संकल्प तभी सफल होगा जब समाज का प्रत्येक वर्ग इसमें सक्रिय भागीदारी निभाएगा। अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हलमन सिंह ध्रुवा ने कहा कि हर घर स्वदेशी,घर घर स्वदेशी की भावना के साथ इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने के लिए ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ भाजपा मंडल कांदाडोंगर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान व नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार पर कार्यशाला हुई

## जीएसटी में कटौती से लोगों में उत्साह : चंदूलाल साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल लाल साहू ने शहर में व्यापारियों तथा दुकानदारों और ग्राहकों से जीएसटी के संदर्भ में खुलकर चर्चा किया। श्री साहू ने लोगों को बताया कि जीएसटी में छूट से व्यापार व्यवसाय चमक गया है कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम जनता को लाभ पहुंचाने जीएसटी में छूट की घोषणा की है जिससे लोगों के दैनिक दिनचर्या से लेकर मोटरसाइकिल, कार, ट्रैक्टर, इलेक्ट्रॉनिक जैसे सभी चीजों में जीएसटी दर घटने से सस्ती हुई है।

इस अवसर पर राजिम भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने बताया कि भाजपा मंडल राजिम द्वारा आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी रिटर्न पर कार्यशाला का कार्यक्रम रखा गया था। जीएसटी में छुट को लेकर आम लोगों और व्यापारियों में एक अलग तरह की खुशी है। सामने त्योहार सीजन होने के कारण बिक्री में बढ़ोतरी भी ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ राजिम में व्यापारियों से जीएसटी पर चर्चा, सस्ती हुईं कई वस्तुएं



**बढ़ते बिल, स्मार्ट मीटर और उपभोक्ता समस्याओं पर बिजली कार्यालय का किया घेराव**

## बिजली बिल जलाकर सरकार के खिलाफ गरजे युवा कांग्रेस कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सोमवार को प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठानिया व सहप्रभारी डॉ. मोनिका मांडरे के आव्हान पर विधानसभा युवा कांग्रेस राजिम अध्यक्ष योगेश साहू के नेतृत्व में निरंतर बढ़ते बिजली बिल और उपभोक्ताओं की समस्याओं के विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली बिल जलाओ आंदोलन कर राजिम स्थित बिजली कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बिजली बिल की प्रतियां जलाकर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष योगेश साहू ने कहा कि प्रदेश भर में उपभोक्ताओं की मर्जी के बिना इलेट्रिसिटी मीटर को स्मार्ट और प्रीपेड में बदला गया और इस जबरन व्यवस्था के कारण आम जनता को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बिजली बिलों में लगातार वृद्धि से उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है, जिससे किसानों, मजदूरों, मध्यमवर्गीय परिवारों और छोटे व्यावसायिक उपभोक्ताओं को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। श्री साहू ने कहा कि इन समस्याओं का जड़ यहां की सरकार है। प्रदेश की जनता को महंगी बिजली और बेहिसाब बिलों की तबाही में झोंक दिया है। जनता की कमाई बिजली कंपनियों के भ्रष्टाचार और तानाशाही नीतियों में लूटी जा रही है। प्रदेश को कर्ज, बेरोजगारी, महंगाई, बिजली संकट और भ्रष्टाचार की दलदल में धकेल दिया है। कृषि, ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ योगेश साहू के नेतृत्व में नारेबाजी, प्रतियां जलाकर जताया आक्रोश



### खबर संक्षेप

### जतमई–घटारानी धाम में पहुँचे जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू



**फिंगेश्वर।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण पहाड़ों में बसे प्रसिद्ध शक्ति पीठ माँ जतमई एवं माँ घटारानी मंदिर में पहुँचकर माता का आशीर्वाद लिया। माँ जतमई और माँ घटारानी धाम प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विख्यात हैं।पहाड़ियों से गिरते पानी के झरने यहाँ के धार्मिक वातावरण को और भी मनमोहक बनाते हैं। इन अद्भुत दृश्यों के बीच श्रद्धालु दर्शन कर भक्ति और शांति का अनुभव करते हैं। दर्शन उपरांत श्री साहू ने कहा कि नवरात्र मातृशक्ति की उपासना का पर्व है, जो आत्मबल, विश्वास और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है उन्होंने प्रदेश की खुशहाली,जन–जन की समृद्धि और माँ की कृपा के लिए प्रार्थना की।

**बुजुर्गों से आत्मीयता से मिलकर वस्त्र-फल किए भेंट, उत्तम स्वास्थ्य की कामना की**

# कलेक्टर ने किया सियान सेवा सदन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम भिलाई स्थित सियान सेवा सदन वृद्धाश्रम का आज कलेक्टर श्री बी एस उईके ने औचक निरीक्षण किया। समाज कल्याण विभाग के सहयोग से प्रेरक स्वयं सेवी संस्था द्वारा संचालित इस वृद्धाश्रम में वर्तमान में 18 बुजुर्ग निवासरत हैं। कलेक्टर श्री उईके ने सभी वरिष्ठजनों से आत्मीयता से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। वहां मिलने वाले सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही रहने खाने की व्यवस्थाओं के बारे में भी पूछा। कलेक्टर ने बुजुर्गों को वस्त्र व फल भेंट किए तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। बुजुर्गों ने कलेक्टर से मुलाकात के दौरान अपने भाव प्रकट किए। उन्होंने कहा कि प्रशासन और संस्था की देखभाल से उन्हें घर जैसा माहौल मिला है। कलेक्टर के आगमन से उन्हें आत्मीय खुशी मिली। इस अवसर पर कलेक्टर ने कोरोना काल के दौरान पश्चिम बंगाल से भटककर आई श्रीमती भगवती दास से भी मुलाकात की। भगवती दास को सियान सेवा सदन ने सहारा दिया है और वे अब यहीं निवासरत हैं। कलेक्टर ने उनसे आत्मीय बातचीत कर उनके सुख-दुख की जानकारी ली और आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन हमेशा उनके साथ है। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री डी पी ठाकुर, संस्था के प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



### कलेक्टर ने आश्रम का किया अवलोकन

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान आश्रम परिसर, भोजनशाला, रसोईघर एवं निवास व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी लेकर आवश्यकतानुसार सुधारात्मक सुझाव भी दिए। कलेक्टर श्री उईके ने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनकी सेवा करना और उन्हें सम्मान देना हमारा नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और आश्रम प्रबंधन को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।


## युवाओं ने सड़क की स्थिति को लेकर एसडीओ को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

धर्म नगरी राजिम को ब्लॉक मुख्यालय फिंगेश्वर से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग छत्रपति शिवाजी चौक की समस्या के निराकरण के लिए नगर के युवा पीडब्ल्यूडी एसडीओ मनीष साहू को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि एक सप्ताह के भीतर इस मार्ग का कार्य प्रारंभ नही होने पर आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे। ज्ञापन देने पार्षद तुषार कदम,मोंटू दुबे, हर्ष चंद्राकर, तेज कंडरा, अजय सोनकर, विकास मिश्रा ,छोटू सोनी शामिल थे। इस संबंध में एसडीओ मनीष साहू ने कहा कि वर्षा के रुकते ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा। चौक में हो रहे जल भराव से निपटने नगर पंचायत के अधिकारियों से समन्वय कर समस्या के समाधान करने की बात उन्होने कही।

## मैनपुर- देवभोग क्षेत्र में नवरात्रि की धूम...






**मैनपुर।** पूरे विकासखण्ड एवं देवभोग क्षेत्र में नवरात्रि का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति मैनपुर, मैनपुरकला, धवलपुर, गोहरापदर, धुरवागुड़ी, अमलीपदर, देवभोग, उरमाल, धौराकोट, इंदागांव एवं क्षेत्र के अनेक ग्रामों में माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधिविधान के साथ पूजा अर्चना किय जा रहा है। साथ ही माता सेवा जसगीत के साथ अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जा रहा है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लग रही है। ग्राम धौराकोट में माता के नौ रूपो की प्रतिमा स्थापित की गई है।

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** तिलकपुर जाने के रास्ते में एक पुलिया के पास बसना पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर पवन कुमार चौहान पिता हीरालाल चौहान (28 साल) तिलकपुर के कब्जे से करीबन 15 लीटर हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महिला और बच्चे के साथ मारपीट

**महासमुंद।** महिला और बच्चे के साथ मारपीट करने के मामले में बसना थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को शाहीन खान निवासी पिरदा ने बताया कि 29 सितंबर को उसने अपने पति गुलाब नबी खान से बच्चों की स्कूल फीस जमा करने के लिए एवं राशन सामान लाने के लिए कहा, लेकिन उसके पति ने उक्त काम करने से मना करते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए उसके पुत्र साहिल खान को स्टील गिलास में फेंक कर मारा।

### चिरायु लाभान्वित बच्चों का किया गया सम्मान

**सरायपाली।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान एक भारत सरकार की पहल है, जिसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से 17 सिंतबर 2005 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया। इसका उद्देश्य महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार करना है। इसी तारतम्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव के निर्देशन एवं डॉ कुणाल नायक बीएमओ सरायपाली के मार्गदर्शन में चिरायु दल सरायपाली द्वारा विभिन्न स्कूलों में जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको पोषण संबंधी जानकारी एनीमिया से बचाव जंक फूड से दूर रहने, बालिकाओं को माहवारी संबंधी स्वच्छता आदि के बारे में तथा बालकों को नशामुक्ति के बारे में जानकारी दी गई। चिरायु से लाभान्वित बच्चे जिनके हृदय रोग का उपचार चिरायु दल द्वारा किया गया, उन बच्चियों को प्रोत्साहन करने के लिए उनसे गृह भेंट कर उनको उपहार भी दिए गए। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चिरायु दल सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों में जाकर बच्चों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रहे हैं। कार्यक्रम में डॉ. अनूपा दास डॉ. राजेश सिंह, डॉ. जनक जेरी, डॉ. जय दुत्तकामणी, भीष्मप्रताप राणा, परमेश्वर सेन, उसत पटेल एवं सुनीता साव का विशेष योगदान रहा।

### झलप में प्रबुद्धजनों का किया गया सम्मान

**झलप।** भाजपा झलप मंडल में आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी रिफार्म एवं प्रबुद्धजन का सम्मान मंडल स्तर के कार्यशाला में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अल्का चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष चंद्रहास गोलू चंद्राकर, जिला मंत्री धरम साहू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष ललिता अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष धरम पटेल, वरिष्ठ नेता रूपलाल पटेल, महामंत्री राकेश साहू, महामंत्री कमल कौशिक, आईटी सेल सदस्य खेमराज बघेल, संयोजक चैतराम पटेल, बूथ अध्यक्ष संतोष पंडा, सरपंच गेंद राम दीवान, रामानुज, कौशल साहू, टिकेश यादव, राजू प्रधान एवं रिटायर्ड शिक्षक बालकृष्ण लाला श्रीवास्तव एवं सुरेश जैन का सम्मान किया गया।

### विडंबना : सरकारी रिकॉर्ड में भवन 'पूर्ण', जमीनी हकीकत कुछ और

# पशुओं के अस्तबल में चल रही आंगनबाड़ी अधूरे भवन ने बच्चों को किया बेबस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जर्जर और किराए के घरों और पशुओं के अस्तबल से निजाद दिलाने के लिए राज्य सरकार लगातार आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत कर रही हैं लेकिन समय सीमा पर उक्त भवन नहीं बनने के चलते आज भी छोटे छोटे बच्चों को पशुओं के अस्तबल में बैठकर पढ़ना खेलना और भोजन करना मजबूरी हो गया है मामला ग्राम पंचायत नवीन सकूलीभाटा का है जहां बीते 2020–21 में आमपारा पर मनरेगा और महिला बाल विकास विभाग अभीशरण मद के तहत आंगनबाड़ी भवन 6 लाख 45 हजार की लागत से स्वीकृत किया गया।

लेकिन आज तक वह भवन पूर्ण नहीं हो पाया है जिसके चलते उक्त केंद्र के छोटे छोटे बच्चे पारा के एक 8 बाई 10 के अस्तबल में पशुओं के चारा के बीच अध्ययन खेलना सहित भोजन करने को मजबूर है बावजूद आंगनबाड़ी भवन को पूर्ण कराने के लिए कोई पहल नहीं हो रहा है जबकि फ्लोरिंग बिजली फिटिंग रंग रोगन पुताई सहित खिड़की दरवाजा भी पूरी तरह फिटिंग नहीं हुआ है जिसे लेकर ग्रामीणों द्वारा लगातार पूर्ण कराने के लिए कहा जा रहा है क्योंकि वर्तमान में बच्चे काफी ज्यादा दयनीय स्थिति में पशुओं के अस्तबल में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित करने को मजबूर है जहां ना खाना पकाने की जगह है ना शौच के लिए कोई सुविधा ऐसे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को अपने घर से खाना पका कर लाना पड़ता हैं और शौच के लिए तो पुनः बच्चों को घर जाना पड़ता है ऐसे कई अव्यवस्थाओं के बीच आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका केंद्र संचालित करने मजबूर है और ऐसे तमाम परेशानी से निर्माण एजेंसी के अलावा स्थानीय अधिकारी भी अवगत हैं फिर भी आंगनबाड़ी भवन को पूर्ण करने में कोई रुचि नहीं दिखा रहे है।

#### सरकारी रिकॉर्ड में पूर्ण राशि जारी

सबसे ताजुब की बात तो यह कि लगभग 20 प्रतिशत से अधिक काम बचा हुआ है और सरकारी रिकॉर्ड में यह आंगनबाड़ी भवन को पूर्ण होने का दावा स्थानीय अधिकारी करते पूरी राशि भी जारी होने की बात कह रहे हैं मतलब बाहर से चकाचक आंगनबाड़ी भवन अंदर से कितना खस्ता है यह जानकर भी जिम्मेदार साइड तकनीकि सहायक ने आंख मूंदकर सत्यापन करते एसडीओ ने भी सत्यापन कर दिया।




#### महुआभाठा में भी आंगनबाड़ी भवन अधुरा

मैनपुर तहसील मुख्यालय से 2 किमी दूर महुआभाठा ग्राम पंचायत मैनपुरकला के आश्रित ग्राम में भी पिछले दो वर्षो से आंगनबाड़ी भवन अधुरा है और निर्माण कार्य पूरी तरह बंद है यहां के बच्चे रंगमंच में पढ़ाई कर रहे है जहां शौचालय पानी व सुविधाओ की व्यवस्था नही है।

#### क्या कहते है अधिकारी

महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी पी आर ठाकुर ने बताया इसकी जानकारी उच्च अधिकारियो को भेजी जायेगी बच्चो को पूरी तरह सुविधाएं मिले इसके लिए भरसक प्रयास किया जा रहा है।

# माता रमई पाट देवी की धूमधाम से हुई पूजा



### दुर्गा अष्टमी पर मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

गरियाबंद जिले के छुरा विकास खण्ड के अंतिम छोर सोरिद खुर्द ग्राम से लग भग दो तीन किलोमीटर की दुरी पर विराजमान प्राचीन परंपरा धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सुंदरता से जाना जाता है।माता रमई पाट देवी जो बिहाड़ जंगल पहाड़ों पर 8 वीं शताब्दी प्राचीन समय से विराजमान हैं जहां शारदीय नवरात्र में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा किया गया जहां आज 30 सितंबर दिन मंगलवार को दुर्गा अष्टमी धूमधाम से मनाया गया।

पुरोहित पंडित जी द्वारा हवन पूजन किया गया इस हवन पूजन में ज्योति प्रज्ज्वलित किया भक्तजन पहुंचे पूर्णाहुति दिया साथ ही साथ नौ कन्याओं का पूजन कर भोग कराया गया।इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तजन शामिल हुए और भक्तजनों का तांता लगा रहा देर शाम तक भारी भीड़ देखने को मिला समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष दुर दुर से श्रद्धालु भक्तजन दर्शन करने पहुंच और छत्तीसगढ़ के अलावा देश विदेश से भी मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित कराया गया था। जिसके दर्शन के लिए प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तजन दर्शन करने पहुंचे और प्रति दिन हजारों श्रद्धालुओं को भोजन भंण्डारा कराया गया।जिसकी देख रेख 11 गांव की समिति एवं आस पास के ग्रामीणों का सहयोग रहा।

# विधायक ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर। ग्राम पंचायत दशपुर में आज सामुदायिक भवन का लोकार्पण बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनक ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित हुए जहां पूजा अर्चना कर फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, जनपद सदस्य राकेश मुर्रा, ग्राम पंचायत दशपुर के सरपंच नरेंद्र कुमार ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही ग्राम पंचायत दशपुर के उपसरपंच एवं पंचगण भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। अतिथियों ने सामुदायिक भवन का निरीक्षण करते हुए कहा कि यह भवन ग्रामीणों की सामाजिक, सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर गांव के समस्त ग्रामवासी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उन्होंने भवन के निर्माण के लिए शासन एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# झरझरा माता मंदिर में जनप्रतिनिधियों ने किए दर्शन, लोकमंगल और समृद्धि की कामना की

### मंदिर में भजन-कीर्तन से भक्तिमय माहौल, ग्रामीणों ने सेवा कार्य में किया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर



शारदीय नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर झरझरा माता मंदिर में जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। माता की चौखट पर जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र वासियों की सुख-शांति, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।नवरात्र के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्तगण मंदिर पहुंच रहे हैं और माता रानी के दरबार में अपनी आस्था अर्पित कर रहे हैं। मंदिर परिसर में भजन, कीर्तन और आरती की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों में भाजपा नेता पुर्व सरपंच रामाधार साहू सेंदर,समीति आयोजन अध्यक्ष राजनाथ रेखु साहू, सरपंच मुरमुरा दीपक ध्रुव,पुर्व सरपंच बिरोडा सरकड़ा मनोज साहू,पुर्व सरपंच सिर्रीखुर्द टिकेश साहू,पुर्व सरपंच चरभट्ठी देवगांव ओमप्रकाश साहू,पुर्व सरपंच बिजली मोती राम निषादने कहा कि माता झरझरा की कृपा से जनमानस का कल्याण होता है और समाज में सुख-समृद्धि का संचार होता है। वहीं श्रद्धालुओं ने भी परंपरागत जस गीत गाकर रीति-रिवाज के साथ पूजा-अर्चना कर परिवार और समाज की लोक मंगल कामना की।झरझरा माता मंदिर में नवरात्रि पर्व को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों के सहयोग से पूजा-अर्चना और सेवा कार्य लगातार जारी हैं।

### गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स सुधार से व्यापारियों को मिलेगा लाभ

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान व नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहरापदर



भारतीय जनता पार्टी मंडल कांदाडोंगर में आज आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार पर एक दिवसीय कार्यशाला और संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने जीएसटी सुधार की महत्ता और आत्मनिर्भर भारत अभियान की जन भागीदारी पर जोर दिया।

कार्यशाला के वक्ता जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने कहा कि गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) सुधार भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर है। उन्होंने बताया कि जीएसटी ने कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और जनहितैषी बनाया है, जिससे व्यापारियों को कर जटिलताओं से राहत मिली है और उपभोक्ताओं को वस्तुओं एवं सेवाओं की कीमतों में स्थिरता का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि आने वाले जीएसटी सुधार कर प्रणाली को और अधिक सरल व जनता के अनुकूल बनाएंगे।

**आत्मनिर्भर भारत के लिए सामाजिक सहभागिता आवश्यक-** प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हलमन सिंह ध्रुवा ने कहा कि 'हर घर स्वदेशी' की भावना को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है। भाजपा मंडल अध्यक्ष नवीन मांझी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती से प्रारंभ होकर 25 दिसंबर तक चलने वाले अभियान के तहत गांव-गरीब-किसान-महिला और युवाओं की भागीदारी को आत्मनिर्भर भारत का रास्ता बताया। उन्होंने सभी को तन-मन-धन से इस अभियान में योगदान देने का आह्वान किया।

ये रहे उपस्थित

कार्यशाला में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष खुदेश्वर यादव, मंत्री शुकदेव सोरी, सरपंच ललिता ध्रुवा, उपसरपंच गंगावाली यादव, रुपाधर ध्रुवा, रघुनाथ यादव, चंपालाल ध्रुव, मिश्रीलाल यादव, राजेन्द्र शर्मा, देवीसिंह नेताम, आनंद यादव, शिवराज यादव, त्रिभुवन ताम्रकार, प्रेम बाग, दिनेश मरकाम, दुरमन यादव, प्रेमानंद यादव, तुलसराम यादव, प्रेम नागेश, परमेश्वर बाग, देवनाथ, लखीधर, तिलचंद, मदनराम, नेपाल, बंशीलाल सहित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी कार्यकर्तागण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष...

### अधिकारी लक्ष्य...

उपस्थित थे। बैठक में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं से अपने-अपने क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक लाभान्वित करना है। अपने क्षेत्र में विकास की योजनाओं का पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ संचालन सभी जनप्रतिनिधि चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और केन्द्र सरकार दोनों ही मिलकर जिले के दूरस्थ अंचलों के प्रत्येक व्यक्ति तक के विकास की मंशा रखती है और इसके लिए केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा कई योजनाएं और कार्यक्रम संचालित किए जा रहीं हैं। श्रीमती चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हम सभी जनप्रतिनिधियों को भी इन सभी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में भागीदार होना होगा। योजनाओं की अधिक से अधिक जानकारी लोगों तक पहुंचानी होगी और सभी पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास करना होगा। समीक्षा के दौरान सांसद श्रीमती चौधरी ने विभागीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की एवं विभागों को पूर्ण जवाबदेही, समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ कार्य निष्पादन करने कहा। उन्होंने कतिपय सड़क निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने पर संबंधित विभाग के अधिकारी को शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। विभिन्न योजनाओं के तहत जिले में चल रहे विभागीय योजनाओं व गतिविधियों और प्रगति के संबंध में विभागीय अधिकारियों ने लोकसभा सांसद चौधरी को अवगत कराया।

### जीएसटी ने कर...

आत्मनिर्भर भारत संकल्प लेकर हर नागरिक को जोड़ना हर नागरिक को प्रेरित करना और हर घर तक आत्मनिर्भरता का संदेश पहुंचाना है। भाजपा मंडल अध्यक्ष नवीन मांझी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्यायजी की जयंती 25 सितंबर से प्रारंभ होकर 25 दिसंबर तक आत्मनिर्भर भारत का संदेश गांव गांव तक पहुंचाना है। आत्मनिर्भर भारत का रास्ता गांव गरीब किसान महिला और युवाओं की भागीदारी से होकर जाता है, इसलिए आज हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में तन–मन–धन से योगदान देंगे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री दिनेश नागेश ने किया। कार्यशाला में उपाध्यक्ष खुदेश्वर यादव, मंत्री शुकदेव सोरी, सरपंच ललिता ध्रुवा, उपसरपंच गंगावाली यादव,रुपाधर ध्रुवा,रघुनाथ यादव,चंपालाल ध्रुव,मिश्रीलाल यादव,राजेन्द्र शर्मा,देवीसिंह नेताम,आनंद यादव,शिवराज यादव, त्रिभुवन ताम्रकार, प्रेम बाग,दिनेश मरकाम,दुरमन यादव,प्रेमानंद यादव,तुलसराम यादव,प्रेम नागेश, परमेश्वर बाग,देवनाथ, लखीधर, तिलचंद, मदनराम, नेपाल, बंशीलाल सहित जनप्रतिनिधि,पदाधिकारी कार्यकर्तागण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जीएसटी में कटौती...

हुआ है ग्राहक खुश है। जीएसटी कम होने से समान का रेट भी कम हो गया है इससे लोग अपने सपनों को आसानी से पूरी कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू ,राजेश परमार, संजीव साहू, सकून साहू, मीना ध्रुव,लेख राम ध्रुव, ऋषि दुबे, दुर्गेश धीवर,जितेंद्र पेंदरिया, लोकेश सोनी,युवराज साहू,बादल साहू व भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### बिजली बिल जलाकर...

उद्योग और आम जनजीवन को बचाने के लिए सरकार की विदाई आवश्यक है। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेस के इस कार्यक्रम में योगेश साहू अध्यक्ष युवा कांग्रेस विधानसभा,मुकेश भारती जनपद प्रतिनिधि युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष विधानसभा, वासुदेव साहू महासचिव युवा कांग्रेस विश्वजीत युवा कांग्रेस महासचिव, डिगेश ब्लाक अध्यक्ष युवा कांग्रेस विक्की साहू विधानसभा सचिव, वसिम खान एनएसयूआई जिला सचिव ,माखन वर्मा ब्लाक सचिव, मिथलेश पटेल विधानसभा सचिव ठाकेश्वर ध्रुव हनी, दीपक साहू,मिथलेश साहू,धनेंद्र यादव, उज्वल, भावेश, मनोज करले, अरुण, योगी, मोहन, हर्ष, बिट्टू समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजिम में दुर्गावाहिनी का शस्त्र पूजन और पथ संचलन, गूंजे जयघोष

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर हुआ आयोजन, नारी शक्ति का भव्य प्रदर्शन







हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम में विश्व हिंदू परिषद की महिला इकाई दुर्गावाहिनी का जिला स्तरीय पथ संचलन और शस्त्र पूजन कार्यक्रम बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रानी श्यामकुमारी धर्मशाला से हुआ और पथ संचलन बस स्टैंड, शिवाजी चौक, आमापारा, सतनामी पारा, महामाया पारा, केवट पारा, गुड़ी चौक, आजाद चौक, राजिम लोचन मंदिर और पटेल पारा से होकर पुनः रानी धर्मशाला में समाप्त हुआ।

■ नगर भ्रमण के दौरान राष्ट्रभक्ति और धर्मरक्षा का संकल्प दोहराया गया

कार्यक्रम का यह आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के दिन संपन्न हुआ, जो सभी के लिए गर्व और भावनाओं से भरा रहा। दुर्गावाहिनी की बहनों ने माता दुर्गा की आराधना करते हुए नगर भ्रमण किया। जहां-जहां से यह यात्रा गुजरी, वहां जय भारत माता, वंदे मातरम, जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। यह केवल पद संचालन नहीं था, बल्कि राष्ट्रभक्ति, धर्मरक्षा और संस्कृति के उत्थान का संकल्प था।कार्य्रकम में मुख्य अतिथिः डॉ. नीता वाजपेयी ने नारी शक्ति की महत्ता पर प्रकाश डाला और संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर सभी को शुभकामनाएँ दीं। वही विशिष्ट अतिथिः डॉ. अक्षता महाड़िक ने नारी शिक्षा और स्वास्थ्य पर विचार साझा किए। मुख्य वक्ता सुश्री प्रीति दुबे ने दुगार्वाहिनी के निर्माण, राम मंदिर आंदोलन में बहनों की भूमिका और सेवा कार्य पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि दुगार्वाहिनी की बहनें समाज में सेवा भाव, बाल संस्कार और संगठन की शक्ति को और मजबूत करेंगी। कार्यक्रम का संचालन हर्षिता यदु एवं आभार प्रीति पांडेय ने व्यक्त किया।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

जिले भर से आई दुर्गावाहिनी की बहनों के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ चालक प्रेमलाल साहू,बजरंग दल संयोजक मोहित साहू,विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष प्रकाश निर्मलकर,भूपेंद्र साहू,दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका रेणु सेन दीदी,संगीता साहू,सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और मातृशक्ति की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय पोषण माह के तहत हुई एक दिवसीय कार्यशाला

**फिंगेश्वर।** राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक किया गया है. इसी तारतम्य में आयुष व महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय पोषण माह कार्यशाला का आयोजन फिंगेश्वर मे किया गया. जिसमें सेक्टर के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के सवांर्गीण विकास के लिए नागरिकों को आयुष के प्रति जागरूक करने एवं उपस्थित लोगों का उपचार किया गया।
इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी एवं अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजूलता हरित ने किया वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल प्रभारी संतोषी श्रीवास्तव उपस्थित थे।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात कुर्सी दौड़, सुई धागा दौड़, प्रश्नोत्तरी एवं व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुर्सी दौड़ में गीता बंजारे प्रथम, सुनीता जोशी द्वितीय, सुई धागा दौड़ में वंदना साहू प्रथम एवं ईश्वरी साहू द्वितीय स्थान पर रही।कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता प्रतिभागी और पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी जितेंद्र साव,सेक्टर महिला पर्यवेक्षक पुष्पलता यादव एवं कार्यालयीन स्टॉफ उपस्थित थे।

### शहीद स्मारक में हुई पूर्व सैनिक संगठन की बैठक



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में पूर्व सैनिक संगठन की बैठक हुई। इस दौरान प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा हुआ। शहीद स्मारक के अंदर जो नाली है, वह पूरा टूट गया है, जिसे नया बनानाने, बाउंड्री वाल जो पुरानी पाइप से बनाया गया था, वह अब खराब होकर टूटने लगा है एवं शहीद स्मारक के सामने जो शहीद स्मारक के जाने का रोड है, वह खराब होने लगा है। इन सभी को बनाने को लेकर चर्चा की गई। जिस पर सरपंच से चर्चा गई। महासमुंद विधायक से दो-तीन बार इस बारे में पत्र दिया जा चुका है। शहीद स्मारक को हर हमेशा साफ सुथरा रखने पर चर्चा की गई साथ ही शहीद स्मारक और तालाब के आसपास साफ-सफाई की गई। बता दें रविवार को महासमुंद के पूर्व सैनिक के परिवारों और ग्राम पंचयत खरोरा के पंचों द्वारा शहीद स्मारक पर साफ-सफाई की जाती है।

## आयोजन : हरिहर हाईस्कूल मैदान में लगेगा श्रीराम दरबार, आतिशबाज़ी से होगा रावण दहन

# नवापारा में 51 फीट ऊंचे रावण का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के हरिहर हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान में विजयादशमी का पर्व दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समिति के लोगो ने बताया कि रावण का पोशाक इस बार हटकर बनाया जा रहा है, 51 फुट रावण के लिए 125 मीटर का कुर्ता, 35 मीटर का धोती व 40 मीटर का दुपट्टा डाला जा रहा है। रावण को तैयार करने में कई कलाकार जी जान से जुटे हुए है। बताया कि ठीक शाम 6 बजे स्कूल के विशाल मैदान के मंच पर श्रीराम दरबार लगेगा। आकर्षक रामलीला का मंचन होगा। भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना के बाद महाआरती होगी। आरती के पश्चात जबर्दस्त रंग-बिरंगे आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया जाएगा।

■ हजारों की भीड़, रंग-बिरंगे स्टॉल और सांस्कृतिक आयोजन बनेंगे आकर्षण का केंद्र

आयोजन को सफल बनाने में दशहरा उत्सव आयोजन समिति के रतिराम साहू, धनराज मध्यानी, अनिल जगवानी, होरीलाल साहू, प्रसन्न शर्मा, रमेश तिवारी, जीत सिंग, सौरभ शर्मा, नागेंद्र वर्मा, संजय साहू, उमेश यादव, लोकनाथ सोनकर, मुकुंद मेश्राम, रामा यादव, मंगराज सोनकर, राजा चांवला, राकेश सोनकर, सौरभ सिंटु जैन, सौरभ सोनी, रामरतन निषाद लगे हुए है। बता दें कि नवापारा का शाही दशहरा उत्सव आसपास के तमाम गांव के लोगो के लिए खास मायने रखता है। मेले के माफिक बेतहाशा भीड़ होती है। गंज मार्ग, सदर मार्ग, तर्री रोड, के अलावा हरिहर हायर सेकेण्री स्कूल से लेकर बस स्टेण्ड चौक तक पैर रखने को जगह नही होती। ट्रेफिक संभालने के लिए पुलिस के जवानो को बड़ा मशक्कत करना पड़ता है। हरिहर हाई स्कूल के विशाल प्रांगण में 20 हजार लोगो की भीड़ होती है। तरह-तरह के दुकानें सजे रहते है। तीर धनुष के ढेर सारे स्टॉल लगा रहता है। गुब्बारो की बिक्री बड़ी संख्या में होती है। छोटे-छोटे बच्चो में अपार उत्साह का वातावरण देखने को मिलता है।

## रसेला में 2 अक्टूबर को होगा 25 फीट ऊंचे रावण का दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

रसेला गांव में इस वर्ष दशहरा पर्व को लेकर जबरदस्त उत्साह है। 2 अक्टूबर को गांव के खेल मैदान में 25 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। भव्य आयोजन के तहत रामलीला, रंग-बिरंगी आतिशबाजी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां इस पर्व को और भी रोचक बना देंगी।



ग्रामसभा की बैठक में यह तय किया गया कि रावण दहन कार्यक्रम को इस बार और भी व्यवस्थित एवं भव्य रूप में मनाया जाएगा। पुतले निर्माण, पटाखे, स्टेज की सजावट, दर्शकों की बैठने की व्यवस्था आदि को लेकर विस्तृत योजना बनाई गई है। 2 अक्टूबर को शाम 7 बजे से शुरू होने वाले कार्यक्रम में रावण दहन से पहले अनुभवी कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। इसके बाद रंग-बिरंगी आतिशबाजी होगी जो एक घंटे तक चलेगी। रात्रि 8 बजे श्रीराम के अग्निबाण से 25 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। कारीगर राजा कोमर्रा ने बताया कि इस बार पुतले को नया रूप दिया गया है। खास बात यह है कि रावण की आंखों में लाइटिंग लगाई गई है, जो रात में दूर से असली आंख की तरह चमकेगी। कार्यक्रम से पहले लोग पुतले के पास जाकर सेल्फी भी ले सकेंगे। महिलाओं व बच्चों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था की गई है, वहीं गांव के सभी देवी-देवताओं की पूजा के साथ विजय यात्रा निकाली जाएगी, साथ ही श्रीराम दल में प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान, विभीषण और सुग्रीव की झांकी का भी आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ कलाकार वेदव्यास निषाद, संतराम नेताम, रामायण ठाकुर, बिगेन्द्र ठाकुर और अन्य का कहना है कि रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि समाज को नैतिक शिक्षा देने का माध्यम है। आज की युवा पीढ़ी यदि इस परंपरा से जुड़ी रहती है, तो संस्कृति की जड़ें और गहरी होंगी। गांव के बुजुर्गों ने भी रामलीला के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत है, जिसे हर पीढ़ी को जानना और निभाना चाहिए।

## भव्य आतिशबाजी और पुष्पवर्षा से गूंजेगा राजिम का दशहरा मैदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भगवान श्री राजीवलोचन की पुण्यधरा में इस वर्ष दशहरा उत्सव और भी भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। श्री राजीवलोचन ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष राजेश्री श्री श्री 1008 महंत रामसुंदर दास के मार्गदर्शन में दशहरा उत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह उत्सव 2 अक्टूबर को पारंपरिक विधि-विधान से मनाया जाएगा। खास बात यह है कि राजिम का दशहरा उत्सव प्रदेश में अपनी अनोखी परंपरा के लिए प्रसिद्ध है, क्योंकि यहां रावण दहन नहीं बल्कि वध किया जाता है।

भगवान श्री राजीव लोचन जी का डोला मंदिर से निकलकर सबसे पहले जनकपुर स्थित बजरंगबली का आह्वान करता है। बजरंगबली का पताका लेकर उनका प्रतिनिधि डोला भी साथ चलता है। बाजे-गाजे और स्वागत सत्कार के बीच डोला दशहरा मैदान पहुंचता है। मार्ग में जगह-जगह आतिशबाजी और स्वागत की परंपरा भी निभाई जाती है। शीतला माता मंदिर के पास शक्ति पूजा सम्पन्न होने के बाद, मंदिर पुजारी राजपूत परिवार के सदस्य विशेष वेशभूषा और अस्त्र-शस्त्रों के साथ शौर्य प्रदर्शन करते हुए डोला के साथ दशहरा मैदान पहुंचते हैं। यहां सबसे पहले पारंपरिक रावण-अंगद संवाद का मंचन होता है। इसके उपरांत ट्रस्ट के सर्वराकार, भगवान के प्रतिनिधि स्वरूप में, दशानन रावण की नाभि पर कटार प्रहार कर उनका वध करते हैं। तत्पश्चात नाभिकुंड को सुखाने के लिए तीर चलाया जाता है।

**पुष्पवर्षा और विजय उत्सव-** इस वर्ष विशेष आकर्षण के रूप में रावण वध के उपरांत दशहरा मैदान में पुष्पवर्षा की जाएगी। रणजीत चौरा में भगवान की पूजा-अर्चना के बाद विजय उत्सव मनाया जाएगा। परंपरा अनुसार सोनपत्ती का वितरण होगा, जिसे लोग एक-दूसरे के कान में लगाकर गले मिलते हैं और दशहरा की बधाई देते हैं। इसके बाद भगवान की पूजा-अर्चना जनकपुर में संपन्न होगी, जहां श्रद्धालु भेंट-मुलाकात करेंगे। अंत में भगवान का डोला पुनः मंदिर पहुंचेगा। परंपरा अनुसार घर लौटने वाले सभी स्त्री-पुरुषों एवं बच्चों की विशेष पूजा-अर्चना भी की जाएगी।

**बैठक में बनी तैयारियों की रूपरेखा-** दशहरा उत्सव की तैयारियों को लेकर श्री राजीव लोचन ट्रस्ट कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें ट्रस्ट प्रबंधक पुरुषोत्तम मिश्रा, सर्वाराकार चंद्रभान सिंह ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष राघोबा महाड़िक, ट्रस्टी सरवन सिंह ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, मनु बैकुंठ सिंह, राजिम भक्तिन माता समिति अध्यक्ष लाला साहू, बेरोजगार संघ अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, पुजारी समिति के रामकुमार सिंह ठाकुर, आचार्य विजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस बार का दशहरा उत्सव न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र होगा बल्कि परंपरा, शौर्य और संस्कृति का भव्य प्रदर्शन भी करेगा।

# महाअष्टमी पर गरियाबंद में श्रद्धा का सैलाब मंदिरों व दुर्गा पंडालों में दिनभर गूंजे जयकारे





## मां महागौरी की पूजा-अर्चना कर भक्तों ने मांगा आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी पर मंगलवार को जिलेभर के देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अलसुबह से ही भक्त मां के दर्शन के लिए कतारों में लग गए और देर रात तक मंदिरों में पूजा-पाठ व भजन-संकीर्तन का दौर चलता रहा।

भक्तों ने मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की विधिवत पूजा-अर्चना कर हवन में आहुति दी और सुख-समृद्धि तथा कष्ट निवारण की प्रार्थना की। जिले के ऐतिहासिक शिव दुर्गा मंदिर और संतोषी मंदिर सिविल लाइन के साथ-साथ प्रसिद्ध जतमई-घटारानी, गरजई, सोनई माता, ब्रम्हनी और कचना ध्रुवा मंदिरों में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ रही। नगर के प्राचीन दुर्गा मंदिर में सौ से अधिक भक्तों ने सपरिवार हवन कर भोग अर्पित किया। पूरे शहर में धार्मिक उत्सव का विशेष माहौल बना रहा। मंदिरों को रंग-बिरंगी झालरों और विद्युत सज्जा से आकर्षक रूप दिया गया। सुबह से लेकर रात तक मंदिर परिसर और पंडालों में "जय माता दी" के जयकारे गूंजते रहे। महिलाएँ और युवतियाँ पारंपरिक वेशभूषा में उपवास रखकर मां दुर्गा चालीसा का पाठ करती रहीं। कन्या भोज का आयोजन कर नौ कन्याओं को भोजन और उपहार भेंट किए गए। श्रद्धालुओं ने मां को लाल वस्त्र, चंदन, फूल, दीप-धूप, दही, केला, वस्त्र और भोग सामग्री अर्पित की। मंदिर समितियों ने सुरक्षा और व्यवस्था की विशेष तैयारी की थी। शीतला मंदिर, काली मंदिर, गायत्री मंदिर सहित विभिन्न मोहल्लों के दुर्गा पंडालों में भी विधिवत हवन-पूजन हुआ। जगह-जगह भजन मंडलियों ने भक्तिगीत प्रस्तुत किए, जिससे माहौल और अधिक भक्तिमय हो उठा।

मान्यता है कि महाअष्टमी के दिन मां महागौरी की उपासना करने से भक्तों के समस्त पाप और कष्ट दूर हो जाते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का संचार होता है। इस आस्था के साथ हर आयु वर्ग के श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए उमड़े।

# मौली माता मंदिर में पूजा के बाद श्रद्धालुओं ने डाली पूर्णाहूति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर





शारदीय नवरात्र पर्व की नगर सहित अंचल मे धूम रही। लोग माता की भक्ति में डूब कर शक्ति के लिए मन्नतें मांगी। अष्टमी पर्व को लेकर हवन पूजन के साथ भक्तों ने पूर्णाहूति दी।

22 सितंबर से प्रारंभ नवरात्र पर्व को लेकर नगर की प्रसिद्ध मौली माता मंदिर मे नगर सहित अंचल एवं दूर दूर से माता के भक्तों की प्रतिदिन भीड़ उमड़ी रही। मौली माता में लोगों में इस कदर आस्था रहा है जिसको लेकर 1700 से अधिक ज्योत का प्रज्वलन माता के भक्तों कराया है, जो गरियाबंद जिले मे सबसे अधिक है। नवरात्र पर्व को लेकर भाजपा के जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष मनीष हरित के निवास में इस बार ज्योत जंवारा का आयोजन रखा गया है। भाजपा नेताओं सहित अंचल से लोग जंवारा का दर्शन करने बड़ी संख्या में उनके निवास मे पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी मे सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता रामूराम साहू, निखिल वुड वर्क्स के संचालक नोस साहू एवं पत्रकार दीपक पोद्दार भी उनके निवास पहुंच कर ज्योत जंवारा का दर्शन कर किए। पूरे 9 दिन उपवास रहे आयोजनकर्ता मनीष हरित ने जय माता दी के साथ चुनरी डालकर सभी का स्वागत करते हुए सम्मान किया। अष्टमी पर्व पर मंगलवार को मौली मंदिर में यज्ञ हवन कर पूर्णाहूति दी गई। दुर्गा पंडालों में यज्ञ हवन के साथ पूर्णाहूति दी गई।

■ भाजपा नेता हरित के निवास में ज्योत जंवारा दर्शन करने लोग की लगी भीड़

# विजयादशमी पर नीलकंठ दर्शन की परंपरा, लेकिन अब विलुप्ति की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

2 अक्टूबर को मनाए जाने वाले विजयादशमी पर्व पर नीलकंठ पक्षी का दर्शन शुभ माना जाता है। यह सुंदर और रंग-बिरंगा पक्षी, जिसे शंकर भगवान का प्रिय भी कहा जाता है, अब धीरे-धीरे विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुका है। वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों में इसका नजारा दुर्लभ होता जा रहा है, जिससे स्थानीय लोग चिंतित हैं। इस कारण इंटरनेशनल यूनियन फार कंज़र्वेशन ऑफ नेचर ने नीलकंठ को रेड लिस्ट में शामिल कर संरक्षण की आवश्यकता जताई है।





नीलकंठ पक्षी की संख्या में कमी के प्रमुख कारणों में कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग, जलवायु परिवर्तन, और जंगलों की अवैध कटाई शामिल हैं। कीटनाशकों से मरने वाले कीड़े-मकोड़े नीलकंठ के भोजन का मुख्य हिस्सा होते हैं, जिनकी कमी से पक्षी असमय मृत्यु का शिकार हो रहा है। फलदार पेड़ों की कमी भी इस पक्षी की अस्तित्व पर संकट ला रही है।

**पंडित योगेश शर्मा का संदेश-** मैनपुर दुर्गा मंदिर के पुजारी पं. योगेश शर्मा के अनुसार, नीलकंठ को देवाधिदेव महादेव का प्रतिनिधि माना जाता है और दशहरे के दिन इसका दर्शन भाग्य को जागृत करने वाला होता है। उन्होंने बताया कि इस पक्षी के नीले रंग के कारण इसका नाम नीलकंठ पड़ा है। विजयादशमी के दिन लोग आकाश की ओर नजरें गड़ाए रहते हैं ताकि इस शुभ पक्षी को देख सकें।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


पाटसिवनी (पिपरहट्टा) नहर पारा पाटसिवनी


पाटसिवनी (पिपरहट्टा) नहर पारा पाटसिवनी


पाटसिवनी (पिपरहट्टा) गौरा चौक पाटसिवनी


पाटसिवनी (पिपरहट्टा) खाल्हे पारा पाटसिवनी


पाटसिवनी (पिपरहट्टा) समाजीक चौक पिपरहट्टा


पाटसिवनी (पिपरहट्टा)सितला पारा परसदाखुर्द


पाटसिवनी( पिपरहट्टा) शिव चौक परसदाखुर्द

## खबर संक्षेप



### माता जगदंबा की विशाल प्रतिमा बनी आस्था का केंद्र

**छुरा।** ग्राम सारागांव में नवयुवक दुर्गाउत्सव समिति द्वारा ग्राम के धरोहर स्थल बजरंग चौक, में इस बार भव्य रूप से मां जगदम्बे दुर्गाभवानी की विशाल मूर्ती की स्थापना की है। जो आस पास गाव के लोग भारी संख्या मे महिला पुरूष, दर्शन करने आते है। समिति द्वारा आकर्षित करने वाली पंडाल इस बार लगाया हुआ है। जो मानो, माता रानी, अपने महल से साक्षात दर्शन दे रहे हो। हर रोज शाम को पूजा अर्चना के बाद, आस पास के सेवा मंडली द्वारा जस गीत की प्रस्तुति होती है। जो गाव के साथ-साथ आसपास के गांव भी भक्तिभाव में डूब जाते है। अब भी सजावट करने मे समिति के सदस्य लगे हुए हैं।

### नवरात्रि का आठवां दिन महागौरी को समर्पित

**महासमुंद।** ग्राम मोरधा में आयोजित झांकी कार्यक्रम में पहुंचे तुषार साहू पहुंचे। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि हेमंत साहू, ईश्वर साहू, डॉ.परमानंद साहू मौजूद रहे। ग्राम नयापारा, बरगांव, बिरकोनी, खट्टीडीह, गोपालपुर, बरबसपुर, अछरीडीह के दुर्गा पंडालो में पहुंचकर भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार नवरात्रि का मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी को समर्पित होता है। महाअष्टमी तिथि पर माता महागौरी की विशेष पूजा का विधान है। महागौरी को सौम्यता और शांति का प्रतीक माना जाता है। माता का यह स्वरूप अत्यंत तेजवान है।

**पर्व :** स्वाहा की गूंज से गूंज उठा मंदिर परिसर, रात्रि तक चलता रहा हवन कार्यक्रम

# मां काली मंदिर में अष्टमी पर हुआ हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

अष्टमी के पावन अवसर पर नवापारा शहर के प्रसिद्ध मां काली मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर मंगलवार शाम से ही हवन-पूजन के लिए भक्तों से खचाखच भरा रहा। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ प्रारंभ हुआ, जिसमें देवी मां के भक्तों ने आहुतियाँ अर्पित कर पूर्णाहुति दी।

■ मंदिरों में विशेष श्रृंगार और रोशनी से सजा शहर

मंदिर समिति अध्यक्ष मेघनाथ साहू के नेतृत्व में आयोजित इस भव्य आयोजन में नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भक्तों ने व्रत-उपवास रखते हुए सच्ची श्रद्धा के साथ हवन में भाग लिया। महा-आरती के दौरान मंदिर परिसर "जय माता दी" और "स्वाहा" की गूंज से भक्तिभाव में डूब गया।

### शहर भर में दिखा भक्ति का उत्सव

मां काली मंदिर के साथ-साथ नवापारा शहर के अन्य देवी मंदिरों – चंडी माता, शीतला माता, महामाया मंदिर, ब्रह्मचारिणी दरबार – में भी हवन-पूजन के कार्यक्रम देर रात तक चलते रहे। महिलाओं, युवतियों और जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धा से आहुति अर्पित की। हवन कुण्ड से उठती सुगंधित धूप और जड़ी-बूटियों की खुशबू पूरे शहर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर रही थी।

### उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, धूमधाम से हुआ अष्टमी का हवन




**नवापारा-राजिम।** शहर के शीतला माता एवं मौली माता मंदिर में मंगलवार को अष्टमी का हवन काफी धूमधाम से किया गया। पूजा एवं हवन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू,मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,भाजपा नेता परदेशी राम साहू, मुकुंद मेश्राम, गुलाब राव सहित बड़ी संख्या में देवी मां के भक्त एवं मातृशक्तियां शामिल हुई।

### राजिम मां महामाया मंदिर में अष्टमी के हवन में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

राजिम। मंगलवार को महाअष्टमी के अवसर पर राजिम स्थित प्राचीन मां महामाया मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शाम 4 बजे से शुरू हुए हवन में शामिल होने के लिए नगर एवं आसपास के गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। देवी भक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कुण्ड में सांखला डालकर पूर्णाहुति अर्पित की, जिससे समूचा मंदिर परिसर भक्तिभाव से सराबोर हो गया।

हवन पूजा का संचालन पं. विजय शर्मा द्वारा वैदिक विधि से किया गया, वहीं पूजा में मंदिर के पुजारी बलदाउ सिंह ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, महामाया मंदिर समिति



अध्यक्ष लिलेश्वर यदु, नीरज ठाकुर, रमेश साहू, बाल्मीकि धीवर, जितेंद्र सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि व श्रद्धालु उपस्थित रहे। हवन में रामप्रसाद साहू, संतोष शर्मा, सौरभ गुप्ता, विजय महोबिया, राजू साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भी शामिल हुए। इस अवसर पर नगर में स्थित अन्य प्रमुख देवी मंदिरों जैसे शीतला माता, चंडी माता, गायत्री मंदिर, सतबहनिया, खंडोबा, ब्रह्मचारिणी दरबार में भी हवन व पूजन विधिवत संपन्न हुआ। वातावरण धूप, हवन सामग्री व मंत्रों की गूंज से पूर्णतः धार्मिक और आध्यात्मिक बना रहा। अष्टमी पर्व की पवित्रता ने नगर को आस्था के रंग में रंग दिया।

## चैतरा में हुआ अष्टमी पूजन व कन्या भोजन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

शारदीय नवरात्र पर्व पर ग्राम चैतरा के सरपंच गनेशिया रवि राम साहू के निवास स्थित माता रानी दुर्गा मंदिर में विधि-विधान से पुरे नौ दिन पूजा-पाठ सम्पन्न किया गया। अष्टमी तिथि पर सरपंच गणेशिया साहू व उनके परिवारजनों ने श्रद्धा भाव से नौ कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया। इसके पश्चात हवन-पूजन कर ग्राम व परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई।नवरात्रि के पावन अवसर पर संपन्न हुए इस आयोजन में जागेश्वर साहू,जनक साहू सहित ग्रामीणों ने भी श्रद्धा पूर्वक सहभागिता की। सरपंच परिवार ने बताया कि यह आयोजन परंपरा और आस्था का प्रतीक है, जिसके माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और शांति का संदेश प्रसारित होता है।





### पंचमी पर हुई मां दुर्गा की पूजा

**छुरा।** ग्राम मोंग्रा के उप सरपंच पिलमराम नेताम के पत्नी हार बाई, अपने टोली के साथ पंचमी मनाने ग्राम मोंगरा (रामचंद्र नायक ) के यहां मां भगवती दुर्गा माता की पूजा अर्चना कर ग्राम वासियों एवं सह परिवार को सदा सुखी रखने का प्राथना की और सेवा जस गीत भी गाया।

## महाअष्टमी पर देर शाम तक चलता रहा हवन पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर सहित आसपास के क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों में मंगलवार को महाअष्टमी के पावन अवसर पर पूर्णाहूति हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से संध्या तक जारी इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने सपरिवार सुख, शांति और खुशहाली के लिए विधि विधान से पूजा अर्चना की। नव कन्या भोज कराए गए और आहूति देकर मां दुर्गा की पूजा की गई।

अंचल के वन विभाग दुर्गा मंदिर प्रांगण, भाठीगढ़ स्थित मां पैरी मंदिर, शिव मंदिर, फुलझर मां भगवती, सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति मैनपुर, बाजाघाटी मां बजघटनीन, उंदतेवरी मंदिर, राउलगुड़ी, तौरेंगा, शोभा, गोना और



इंदागांव स्थित देवी मंदिरों में सुबह से हवन पूजन का आयोजन किया गया। नव दिन तक मनोकामना व्रत रखने वाले भक्तों ने विधिविधान से नव कन्या भोज कराया और माता के चरणों में आहूति दी।

**श्रद्धालुओं का उत्साह और आयोजन की भव्यता-** सार्वजनिक दुर्गा उत्सव मैनपुर में पंडित नंदकिशोर चौबे ने विधिविधान के साथ हवन पूजन कराया। अमलीपदर में पंडित युवराज पाण्डेय और तहसील मुख्यालय के दुर्गा मंदिर में पंडित योगेश शर्मा ने भव्य हवन कार्यक्रम संपन्न कराया। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना में जुटे और पूरे दिन व्रत रखकर मां दुर्गा चालीसा का पाठ किया। मंदिरों में ज्योति कलश व माता के दर्शन के लिए देर रात तक भक्त पहुंचते रहे।

## दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक चल रहे सेवा पखवाड़ा 2025 अभियान के अंतर्गत शनिवार को जनपद पंचायत सभाकक्ष छुरा में प्रातः 10 बजे से विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित योजनाओं का लाभ प्रदान करने तथा उनके पेंशन सत्यापन एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी देने पर विशेष जोर दिया गया। शिविर के अंतर्गत प्रमुख गतिविधियाँ में पेंशन सत्यापन : उन दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का पेंशन सत्यापन किया गया जिनका कार्य शेष था।यूनिक आईडी संबंधी जानकारी एवं सत्यापन : पात्र व्यक्तियों का यूनिक आईडी कार्ड बनाकर उन्हें प्रदान किया गया।सहायक उपकरण हेतु आकलन/मापन परीक्षण : दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकता अनुसार उपकरणों के लिए परीक्षण किया गया।योजना संबंधी जानकारी : पेंशन एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी पात्र व्यक्तियों को दी गई।

■ छुरा में पेंशन सत्यापन, यूनिक आईडी और सहायक उपकरणों का वितरण

सेवा पखवाड़ा 2025



**पात्र लाभार्थियों की हुई तत्काल सहायता-** शिविर में पात्र लाभार्थियों को तात्कालिक रूप से सहायक उपकरण भी वितरित किए गए। इसमें 2 दिव्यांगजन को श्रवण यंत्र, 2 लाभार्थियों को ट्राय साइकिल, 4 हितग्राहियों को यूनिक आईडी कार्ड प्रदान किए गए। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जनपद सदस्य नारायण सिन्हा, वेश नारायण ठाकुर, के. आर. यादव एवं जे. आर. साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**भाजपा मंडल कोपरा में हुई आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यशाला**

# स्वदेशी अपनाना ही देश को सशक्त बनाने का मार्ग : संतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोपरा

ग्राम जेन्जरा में भाजपा मंडल कोपरा द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं नेक्स जेन जीएसटी रिफार्म कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि राज्य और जिला स्तर के बाद अब मंडल स्तर पर भी कार्यशालाएं आयोजित हो रही हैं। आगामी दिनों में प्रत्येक मंडल से 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्रा' निकाली जाएगी, जो गांव-गांव जाकर लोगों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया 'वोकल फॉर लोकल' का नारा आज देशवासियों को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर कर रहा है। यह आंदोलन न केवल देशी उत्पादों, बल्कि किसानों के सामान, बच्चों की आवश्यकताओं और भारतीय पर्यटन



को बढ़ावा देने का प्रतीक बन चुका है।

**अक्टूबर में होंगे जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम-** इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने बताया कि अभियान की शुरुआत पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती (25 सितंबर) से हुई है और इसका समापन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जयंती (25 दिसंबर) को होगा। अक्टूबर में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे, जबकि नवंबर और दिसंबर में यह गतिविधियां मंडल स्तर तक विस्तारित की जाएंगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और घर-घर जाकर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव ने किया। संचालन मंडल महामंत्री हेमंत वर्मा और आभार प्रदर्शन पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमप्रकाश साहू ने किया।

**ये रहे उपस्थित-** इस मौके पर नगर पंचायत कोपरा पूर्व अध्यक्ष नोगेश्वर साहू, जनपद सदस्य हीरामणि साहू, मंडल उपाध्यक्ष बसंत पटेल, डॉ. दिलीप साहू, जालम साहू, मुन्नालाल देवदास, एफ. एल. पटेल, अजय साहू, बाबूलाल साहू, महेश साहू, प्रमोद साहू, मकसूदन साहू, सरपंच बोधन यदु, झाड़ू तारक, हिमालय सोनी, खोवाराम साहू, मनोज विश्वकर्मा, द्विजराम साहू, गिरधारी पटेल, लक्ष्मीनारायण पटेल, पवन साहू, वासुदेव साहू, झंगु साहू, टीकाराम साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

